an>

Title: Need to provide employment to the family member of the student Tushar murdered in the train near Ghonsoli station near Ratnagiri in Maharashtra in the Railways on compassionate ground.

श्री राजन विचारे (ठाणे) : महोदय, मुम्बई की लोकल ट्रेन में यात्रा करने वाले मुसाफिरों पर क्या बीतती है, इस बात का उल्लेख करने के लिए आपने मुझे बोलने की अनुमति दी है, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं। रत्नागिरी के इंजीनियरिंग कालेज का विद्यार्थी तुषार जाधव रत्नागिरी से कोंकण कन्या एक्सप्रेस से पनवेल स्टेशन पर उतरा। परवेल से अपने घर जाने के लिए उसने सुबह पांच बजे पनवेल ठाने लोकल गाड़ी पकड़ी और घनसोली स्टेशन के पास किसी ने तेज धार वाले हथियार से उसका गला चीर दिया और उसके पेट पर कई बार किए। वह मदद के लिए चिल्ला रहा था। उस समय महिलाओं के डिब्बे में सुरक्षाकर्मी तैनात थे। उन्होंने यह पुकार सुनी थी। अगले स्टेशन पर गाड़ी रुकने के बाद सुरक्षाकर्मी ने जा कर देखा कि तुषार खून में लथपथ पड़ा था। जब उसे अस्पताल ले गए तो उसे मृत घोषित किया। बेटे की हत्या के बाद पिता की दिल का दौरा पड़ने से मृत्यु हो गई। मैं आपके माध्यम से रेल मंत्रालय से अनुरोध करूंगा कि उस परिवार का दीपक बुझ गया है और उनके बाद परिवार मं कमाने वाला कोई नहीं बचा है। इसलिए मैं सरकार से गुजारिश करूंगा कि अनुकम्पा के आधार पर उस परिवार के किसी सदस्य को रेल विभाग में रोजगार दिया जाए।